विद्या देवी जिन्दल स्कूल,हिसार

प्रवेश परीक्षा (2024 - 25)

कक्षा : X

विषय :हिंदी

सेट-I

समय: 30 मिनट

अधिकतम अंक: 20

---

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1x5=5

विज्ञान ने मनुष्य को मशीन बना दिया है, यह कहना उचित नहीं है। मशीनों का आविष्कार मनुष्य ने अपनी सुखसुविधा के लिए किया है। यदि मशीनें नहीं होतीं-, तो मनुष्य इतनी तेजी से प्रगति नहीं कर पाता एवं उसका जीवन तमाम तरह के झंझावातों के बीच ही गुम होकर रह जाता। मशीनों से मनुष्य को लाभ हुआ है, यदि उसे भौतिक सुखसुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं-, तो उसमें मशीनों का योगदान प्रमुख है। मशीनों को कार्यान्वित करने के लिए मनुष्य को उन्हें परिचालित करना पड़ता है जिससे कार्य करने में उसे अधिक परिश्रम नहीं करना पड़ता।यदि कोई व्यक्ति मशीन के बिना कार्य करे, तो उसे अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता पड़ेगी। इस दृष्टि से देखा जाए, तो मशीनों के कारण मनुष्य का जीवन यंत्रवत् नहीं हुआ है, बल्कि उसके लिए हर प्रकार का कार्य करना सरल हो गया है। यह विज्ञान का ही वरदान है कि अब डेबिट क्रेडिट कार्ड के रूप में-लोगों के पर्स में प्लास्टिक मनी आ गई है और वे जब भी चाहें, रुपये निकाल सकते हैं। रुपये निकालने के लिए अब बैंकों में घंटों लाइन में लगने की जरूरत ही नहीं।पहले लंबी दूरी की यात्रा करना मनुष्य के लिए अत्यंत कष्टदायी होता था। अब विज्ञान ने मनुष्य की हर प्रकार की यात्रा को सुखमय बना दिया है। सड़कों पर दौड़ती मोटरगाड़ियाँ एवं एयरपोर्ट पर लोगों की भीड़ इसका उदाहरण हैं।

पहले मनुष्य के पास मनोरंजन के लिए विशेष साधन उपलब्ध नहीं थे। अब उसके पास मनोरंजन के हर प्रकार के साधन उपलब्ध हैं। रेडियो, टेपरिकॉर्डर से आगे बढ़कर अब एलईडी, डीवीडी एवं डीटीएच, कंप्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल का जमाना आ गया है। यही नहीं मनुष्य विज्ञान की सहायता से शारीरिक कमजोरियों एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाने में अब पहले से कहीं अधिक सक्षम हो गया है और (निजात) त्र में आईयह सब संभव हुआ चिकित्सा क्षे वैज्ञानिक प्रगति से।

i. विज्ञान ने मनुष्यों को क्या दिया है?

ii. मशीनें नहीं होती तो क्या होता?

iii. मशीनों से मनुष्य के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है?

iv. गद्यांश के अनुसार, विज्ञान का वरदान क्या है?

v. मशीनीकरण ने मनुष्य को क्या बना दिया है।

2. निर्देशानुसार बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: 1x10=10

i. शब्द एवं पद में अंतर है-

a. शब्द वाक्य के बाहर होते हैं जबकि पद वाक्य में बंधे होते हैं।

b. शब्दों का अपना स्वतंत्र अर्थ होता है जबकि पद अपना अर्थ वाक्य के अनुसार देते हैं।

c. दोनों

d. इनमें से कोई नही

ii. निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार के उचित प्रयोग वाला शब्द चुनिए-

a. रंग b. सँवारना c. नादँ d. सुन्दर

iii. निम्नलिखित शब्दों में से अनुनासिक के उचित प्रयोग वाला शब्द चुनिए-

a. भवँरा b. भंवरा c. भवराँ d. भँवरा

iv. 'अवलोकन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -

a. अ b. अव c. आ d. अव्ल्

v. कु' उपसर्ग युक्त शब्द छाँटिए

a. कुपुत्र b. कुबेर c. कुमार d. कुज

vi. 'बोली' शब्द में कौन सा-प्रत्यय है ?

vii अरे !वो तो प्रथम आ गया -अर्थ के आधार पर कौन- सा वाक्य है?

viii दिए गए कथन सही है या ग़लत लिखिए-

a. इच्छा का बोध कराने वाले को विधानवाचक वाक्य कहते हैं।

b. प्रत्यय मूल शब्द के अंत में लगते हैं।

ix निर्देश के अनुसार वाक्य बदलकर लिखिए-

राखी वाले दिन मैं भाई के साथ मॉल घूमने गई थी। (निषेधवाचक)

3- भारत में बाल मज़दूरी की समस्या विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। (शब्द -सीमा-80-100) 5

- बाल मज़दूरी का अर्थ
- बाल मज़दूरी के कारण
- बाल मज़दूरी को दूर करने के उपाय

अथवा

अपने नए विद्यालय के परिवेश, शैक्षिक, तथा अन्य गतिविधियों का उल्लेख करते हुए बुआ जी को पत्र लिखिए।